गोपनीय

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

53/अ0शा0प0सं0-22(15)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 02 जून,2014

प्रिय महोदय,

वाणिज्य कर विभाग के अंतर्गत सदस्य, अधिकरण वाणिज्यकर (विभागीय) (पूर्व पदनाम सदस्य, विक्री कर अधिकरण, विभागीय) के पद पर, कनिष्ठ श्री कुँवर सक्सेना की पदोन्नति की तिथि 28.08.1991 से श्री कमर अब्बास नकवी की नोशनल पदोन्नति पर विचारण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 28.05.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा **श्री कमर अब्बास नकवी** को सदस्य, अधिकरण वाणिज्यकर (विभागीय) (पूर्व पदनाम सदस्य, विक्री कर अधिकरण, विभागीय) के पद पर उनके कनिष्ठ अधिकारी श्री कुँवर सक्सेना की सदस्य, अधिकरण वाणिज्यकर (विभागीय) (पूर्व पदनाम सदस्य, विक्री कर अधिकरण) के पद पर पदोन्नति की तिथि 28.08.1991 से नोशनल पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

3. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री बीरेश कुमार,
प्रमुख सचिव,
वाणिज्य कर विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in